**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 26 फ़रवरी 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ में आज महाशिवरात्रि तक 65 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज बवानीखेड़ा, जुलाना और सोनीपत में नगर निकाय चुनाव के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे और कहा कि सरकार अपने वादों को पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

- बीजेपी नेता किरण चौधरी ने कहा कि कांग्रेस खत्म होने के कगार पर है।

- हरियाणा और चंडीगढ़ में आज महाशिवरात्रि का पर्व पूरी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सकेतड़ी में शिवलिंग काजलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।

*******************************************************************************

प्रयागराज में, विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संपन्न हो रहा है।144 वर्षों में केवल एक बार होने वाले एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के कारण इस वर्ष महाकुंभ का महत्व काफी बढ़ गया। देशभर से आये श्रद्धालु प्रयागराज में आज सवेरे से ही संगम और अन्य घाटों में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। तेरह जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ में अब तक 65 करोड़ श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं।

*******************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर भिवानी के बवानीखेड़ा, जुलाना और सोनीपत जिले के खरखौदा में जन सभाओं को संबोधित किया।बवानी खेड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार बनाने के बाद अपने संकल्प पत्र के 18 वायदों को पहले 100 दिनों में ही पूरा करने का काम किया है और आगे भी सरकार अपने वायदों को पूरा करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियाँ गिनाई और नगर निकाय चुनावों में जीत का दावा किया।

श्री नायब सिंह सैनी ने  काँग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें धरातल पर हो रहे कार्यों की जानकारी ही नहीं है।उन्होंने कहा कि 7 मार्च से हरियाणा का बजट सत्र होगा। इस बार एक समावेशी व संतुलित बजट बनाने के लिए हितधारकों के सुझाव शामिल किए जा रहे हैं।

*************************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कहा कि अम्बाला छावनी में गत सात वर्षों से नगर परिषद के चुनाव नहीं हुए, फिर भी अम्बाला छावनी में काम किया गया है।उन्होंने लोगों से बी जे पी की  अध्यक्ष पद की  प्रत्याशी स्वर्ण कौर और 32 वार्डों से पार्टी प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की और कहा कि अब इस काम में और सुधार लाने के लिए उन्हें सहयोगियों की जरूरत है।

श्री विज  एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

विपक्षी  दल कांग्रेस को लेकर उन्होंने कहा ---

*************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

*************************************************************************

राज्यसभा सांसद  किरण चौधरी आज भिवानी में काँग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पर हमलावर रही ।मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने श्री हूडा के नेता प्रतिपक्ष बनने की संभावना पर कटाक्ष किया।कांग्रेस नेताओं के बी जे पी में आने पर  किरण चौधरी ने कहा कि कांग्रेस में कुछ रहा नहीं, कांग्रेस अगली बार तेलंगाना व कर्नाटक भी हारेगी ।

किसानों के बीमा कंपनियों द्वारा मुआवजा राशि कम करने पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर इसका समाधान करवाया जाएगा ।

*********************************************************************
राज्यसभा सांसद कार्तिकेय ने आज अंबाला में नगर निकाय चुनाव में बी जे पी प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया।मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा --

*********************************************************************
हरियाणा और चंडीगढ़ में आज महाशिवरात्रि का पर्व पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने महाशिवरात्रि पर पंचकूला के सकेतड़ी स्थित महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और महादेव से प्रदेशवासियों की भलाई की कामना की।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज बवानीखेड़ा में पूजा अर्चना की और लोगों को महाशिवरात्रि की बधाई दी।

भिवानी से हमारे संवाददाता ने बताया कि छोटी काशी के नाम से जाने जाते भिवानी में करीब 350 मंदिरों में भगवान शिव का जल अभिषेक कर पूजा अर्चना की गई।
भिवानी के गिरी मंदिर आश्रम के महंत डॉ अशोक गिरी ने महाशिवरात्रि का महत्व बताते हुए कहा -

गिरी मंदिर के शिवालय में शिवलिंग का हरिद्वार की हरकी पौड़ी से लिए गंगा जल से अभिषेक किया गया।

भिवानी के जोगीवाला मंदिर में बने शिव सरोवर घाट में महाकुंभ से लाया गया त्रिवेणी संगम का गंगाजल डाला गया जिस से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने आचमन किया।
जोगीवाला मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज ने बताया-

कैथल के ऐतिहासिक और प्राचीन 11 रुद्री शिव मंदिर में बड़ी गिनती में पहुंचे शिव भक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।हमारे संवाददाता ने बताया कि मान्यता है कि इस मंदिर में भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। फरीदाबाद व अन्य कई जिलों से भी महाशिवरात्रि मनाए जाने के समाचार मिले हैं। फरीदाबाद में रथ पर भगवान शिव और पार्वती की यात्रा भी निकाली गई।
*********************************************************************
गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र द्वारा प्राकृतिक खेती के लिए देशव्यापी मिशन शुरू करने का फैसला पर्यावरण और किसान के हित में है। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ पर्यावरण बचेगा बल्कि किसानों की आय भी

बढ़ेगी।वो आज रेवाड़ी जिले के गांव माजरा भालखी में श्री कृष्ण वैलनेस यज्ञ, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करने के बाद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।प्राकृतिक खेती को वक्त की जरूरत बताते हुए राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि रासायनिक खेती से होने वाली पैदावार धीमा जहर है। इससे भूमि में मौजूद सूक्ष्म जीवाणु और  केंचुए खत्म हो रहे हैं।प्राकृतिक खेती न केवल हमें स्वस्थ रखेगी। इस से धरती भी बंजर नहीं होगी।उन्होंने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती के महत्व को समझ रहे हैं। ऐसे किसानों की संख्या बढ़ रही है, जो प्राकृतिक खेती अपना रहे हैं। जैविक खेती तथा प्राकृतिक खेती में अंतर को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में बाहर से कच्चा माल लाने की जरूरत नहीं होती, लागत लगभग नगण्य होती है और उत्पादन भी कम नहीं होता ।